24·01·2021

Job Campus Placement Camp

24 जनवरी 2021 को H.D जैन कॉलेज मे जॉब ~~प्लेस~~ प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन समागार मे किया गया जिसमे 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। दस्तावेज-सत्यापन के बाद 20 छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन इन्टरव्यू के लिए चयनित किया गया।

NTI की तरफ से यह कैम्प लगाया गया था। इसके प्रतिनिधि प्रशान्त कुमार तथा सचिन कुमार के द्वारा इस प्रोजेक्ट के बारे मे विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य-डॉ॰ शैलेन्द्र कुमार ओझा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए NSS स्वयसेवकों के प्रति आभार प्रकट किया। मंच संचालन डॉ॰ अजय कुमार ने किया। साक्षात्कार में नम्रता, निशु, मीनू, संजना, श्रेयाराज, जयप्रकाश, मोहित वर्मा, मंयक तिवारी, सोनाली आदि का चयन हुआ।

वही कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीयसेवा योजना के तत्वाधान मे किया गया तथा स्वंयसेवक मनोज, पायल सिंह, आर्यन प्रकाश, आशीष, निखिल प्रसाद, रूपा व अंशु ने विशेष रूप से योगदान दिया।

दैनिक भास्कर आरा 24-01-2021

कैम्पस जॉब प्लेसमेंट के दौरान 20 छात्रों ने दिया साक्षात्कार

एजुकेशन रिपोर्टर | आरा

एचडी जैन कॉलेज में जॉब कैम्पस प्लेसमेंट कैंप लगाया गया। इसमें लगभग 100 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। शैक्षिक कागजात सत्यापन करने के बाद 20 छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन इंटरव्यू के लिए चयन किया गया। आअम्नर एवं स्किल सोर्स (एनटीआई) की तरफ से जॉब कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव लगाया गया था। कैम्पस प्लेसमेंट में उपस्थित प्रशांत कुमार एवं सचिन कुमार ने इस प्रोजेक्ट को विस्तार से विद्यार्थियों के बीच रखा। अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो शैलेन्द्र कुमार ओझा एवं संचालन कम्प्यूटर विभाग के डॉ अजय कुमार मिश्रा ने किया। प्लेसमेंट में स्नातक उत्तीर्ण, आईटीआई एवं बारहवीं पास छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इंटरव्यू में नम्रता, निशु शर्मा, मीनू, संजना, श्रेया, जयप्रकाश कुमार, मोहित ,सोनाली, डिल्लू सिंह, अंकिता एवं अखिलेश चौधरी सहित अन्य का चयन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज कुमार, पायल सिंह, आर्यन प्रकाश, आशीष, निखिल प्रसाद, रूपा एवं अंशु सहित कई शामिल थे।

अजीमाबाद थाना का निरीक्षण किया गया

अगिआंव | एसपी हरकिशोर राय अजीमाबाद थाना का निरीक्षण करने शुक्रवार की देर शाम पहुंचे। थाना में सभी पेंडिंग केस को जल्द से जल्द निष्पादन करने के लिए थाना प्रभारी कृपा शंकर साह को निर्देश किया। थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त रखने के लिए संध्या-दिवा गश्ती अपराधियों की धर-पकड़, शराबबंदी नियम को भी प्रतिशत पाबंदी लगाने को कहा।

बड़हरा में मारपीट, शराब और रंगदारी के चार फरार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बड़हरा | पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में मारपीट, शराब तस्करी व रंगदारी केस में फरार 4 आरोपियो को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। बड़हरा थाना क्षेत्र के नथमलपुर गांव से वर्ष 2015 में विधानसभा चुनाव के समय मारपीट के आरोपी दातुल बिंद को गिरफ्तार किया है। वह स्व गजाधर बिंद का पुत्र है। कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सोहरा गांव से मनु बिंद के पुत्र शराब केस मामले में 13 जनवरी से फरार द्वारिका बिंद और नगर बिंद के तस्कर पुत्र धनजी बिंद को घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के घर से शराब बरामद किया था। रंगदारी केस में फरार सिन्हा ओपी क्षेत्र के गजियापुर गांव निवासी टुनटुन तुरहा को गिरफ्तार किया। वह टुडुन तुरहा का पुत्र है। पुलिस ने शुक्रवार रात में छापेमारी कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।